तापमान

अधिकतम 20.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023



11 विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से घर-घर खुशहाली ला रही मोदी की गारंटी वैन





12 चार प्रमुख मांगों को लेकर सरकारी डॉक्टरों ने की हड़ताल




### दो साल से एम्स के शिलान्यास की चलती रही अटकलें, अब नए साल में जगेगी उम्मीद की नई किरण

# साल बीत जाने पर भी खत्म नहीं हुआ नींव के पत्थर का इंतजार

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। माजरा एम्स की जमीन पर बन रही चारदीवारी, शिलान्यास की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

माजरा एम्स के शिलान्यास का इंतजार गत वर्ष की तरह इस साल भी खत्म नहीं हुआ। जिस तरह से क्षेत्र के लोगों ने वर्ष 2022 के अंत तक शिलान्यास होने की उम्मीद लगाए रखी थी, ठीक उसी तरह यह साल भी उम्मीद के साथ पूरा हो गया। एम्स निर्माण की तमाम मुश्किलें दूर होने के बाद अब शिलान्यास को लेकर राजनीति पूरी तरह हावी हो चुकी है। शिलान्यास हर हाल में होना है, परंतु उम्मीदें नई साल तक के लिए बढ़ गई हैं।

सीएम की वर्ष 2015 में मनेठी में एम्स खोलने की घोषणा के बाद केंद्र सरकार की इस परियोजना को अमलीजामा पहनाए जाने की राह आसान नहीं है। सीएम की घोषणा के बाद एम्स को लेकर क्षेत्र के लोगों ने बड़े-उतार चढ़ाव देखे हैं। जब मनेठी एम्स की संभावनाओं पर पानी फिरता नजर आया तो एम्स संघर्ष समिति का उदय हुआ। इस समिति के 127 दिन के आंदोलन के बाद एम्स खोलने की योजना को पंख लगने शुरू हुए थे। यह सारा साल एम्स के शिलान्यास तक बात पहुंचने में बीत गया। मनेठी में एम्स की संभावनाओं को केंद्र सरकार की वन एवं पर्यावरण सलाहकार समिति ने वहां की जमीन को अरावली वन क्षेत्र की जमीन बताते हुए खरिज कर दिया था। इसके बाद माजरा की ग्राम पंचायत व किसान जमीन देने को तैयार हुए, तो मुआवजे को लेकर मामला अटक गया था। जब किसान सरकार की ओर से दी जाने वाली मुआवजा राशि को कम बताते हुए जमीन नहीं देने की जिद पर अड़े हुए थे, तो कैबिनेट मिनिस्टर डा. बनवारीलाल ने कड़ी कार्य करते हुए किसानों को जमीन देने के लिए तैयार कर लिया था। किसानों ने अपनी जमीनें सरकार के पोर्टल पर अपलोड कर दी थी। इसके बाद जमीन की रजिसट्रियां सरकार के नाम कराने में ही में काफी समय बीत गया। जमीन की रजिसट्रियां शुरू कराने के लिए बार-बार पेंच फंसते गए, जिन्हें निकालने के लिए एम्स निर्माण के लिए गठित समिति को खूब पसीना बहाना पड़ा। आखिरकार आधा 2022 बीत जाने के बार यह कार्य शुरू हो सका था।

## केंद्रीय मंत्री के प्रयास नहीं चढ़े सिरे

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अगस्त माह में ही पीएम मोदी को एम्स का शिलान्यास करने के लिए 23 सितंबर पर राव तुलराम शहीदी दिवस पर माजरा आने का निमंत्रण दिया था। सितंबर माह के शुरू में ही पीएम के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी शुरू हो गई थीं, परंतु इन तैयारियों को दो दिन बाद ही विराम लग गया था। इसके बाद राव ने नवंबर माह में भी शिलान्यास कराने के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन इसके मामले में उनकी एक नहीं चली।

## एक साल पहले शिलान्यास का रास्ता साफ

गत वर्ष लगभग 198 एकड़ जमीन प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा निदेशक के नाम होने के बाद इसका पट्टा केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के नाम लिखवा दिया गया था। जमीन के कुछ छोटे टुकड़ों की रजिस्ट्री होने में काफी समय लगा, परंतु आखिरकार जमीन केंद्र के नाम हो गई। जमीन सरकार के नाम होने के बाद एम्स की जमीन पर चारदीवारी निर्माण का कार्य केंद्र सरकार की ओर से शुरू कराया जा चुका है, लेकिन एम्स की बिल्डिंग का शिलान्यास होना शेष है।

## उतार-चढ़ाव का ऐसा रहा दौर

- –पहले एम्स निर्माण की घोषणा कराने के लिए आंदोलन
- –घोषणा के बाद मनेठी में एम्स निर्माण की संभावना खत्म
- –जिले में दो स्थानों पर एम्स के लिए जमीन की हुई खोज
- –माजरा के किसान एम्स के लिए जमीन देने को हुए तैयार
- –कई दिनों तक जमीन की कीमत को लेकर फंसा रहा पेंच
- –एम्स निर्माण समिति ने एक बार फिर से शुरू किया धरना
- –जमीनों की रजिस्ट्री शुरू कराने की प्रक्रिया में आई अड़चन
- –रजिस्ट्री शुरू होने के बाद किसानों को मनाने में लगा समय
- –जमीन का पट्टा सरकार के नाम होने के बाद बंधी उम्मीद
- –कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने बनाया सरकार पर दबाव
- –एम्स की चारदीवारी निर्माण के लिए टेंडर किया गया पास
- –शिलान्यास की मांग को लेकर जारी संघर्ष समिति का धरना

## पीएम जल्द करेंगे एम्स का शिलान्यास



*एम्स के शिलान्यास को लेकर सीएम मनोहरलाल पीएमओ से संपर्क बनाए हुए हैं। प्रदेश सरकार इसका जल्द शिलान्यास कराने के लिए केंद्र से समन्वय बनाए हुए है। जल्द ही शिलान्यास की तारीख भी घोषित होने वाली है।*

*-डा. बनवारीलाल, कैबिनेट मिनिस्टर।*

## कटाक्ष कर गई थीं डा. सुधा यादव

गत सप्ताह जलपान कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के आई भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव एम्स के शिलान्यास को लेकर कटाक्ष भी कर गई थीं। उन्होंने कहा था कि वह खुद शिलान्यास की डेट बताने के लिए आई थीं, परंतु अब वह इसकी घोषणा नहीं करेंगी। इसके लिए उन्होंने 27 दिसंबर के दिन फाइनल डेट बताने को कहा था। यह दिन बीत जाने के बाद भी शिलान्यास की घोषणा नहीं हुई है। जनवरी माह में एम्स का शिलान्यास होने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है।

## तीन माह से चल रहा था आंदोलन

पहले एम्स की घोषणा किए जाने के बाद इस मूर्त रूप लगभग चार माह तक आंदोलने करने वाली एम्स संघर्ष समिति ने शिलान्यास, ओपीडी और एम्स की कक्षाएं शुरू कराने के लिए करीब तीन माह से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया हुआ है। हालांकि हाल ही में समिति के पदाधिकारियों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से भरोसा मिल गया कि शिलान्यास जनवरी माह में हो जाएगा, लेकिन इसी साल शिलान्यास कराने के दिग्गजों के दावे खोखले साबित हो चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### गुड़ियानी गांव से दो पशु ले गए चोर

**बावल।** प्राणपुरा रोड से चोर एक बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में रसियावास निवासी भूपसिंह ने बताया कि वह प्राणपुरा रोड बस स्टैंड के पास बाइक को लॉक करने के बाद बाजार से सामान लेने के लिए गया था। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दो स्थानों से बिजली ट्रांसफार्मर चोरी

**रेवाड़ी।** अलग-अलग गांवों से चोर दो बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में निगम के एसडीओ ने बताया कि बुड़ानी गांव से चोर 10 केवीए क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। जड़थल में वाटर सप्लाई नलकूप के पास लगा 16 केवीए क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर बिजली अधिनियम के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### डवाना में बाड़े से बकरियां ले गए चोर

**रेवाड़ी।** डवाना में चोर एक पशु बाड़े से तीन बकरियां चोरी कर ले गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में सतीश कुमार ने बताया कि उसने अपनी बकरियां बाड़े में बांध दी थी। इसके बाद वह घर आ गया। सुबह बाड़े में गया तो तीनों बकरियां गायब मिलीं। काफी तलाश करने के बाद भी बकरियों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दो महिलाओं पर मारपीट का केस दर्ज

**डहीना।** जैनाबाद में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव में पार्लर चलाने वाली महेंद्रगढ़ के तुर्कियावास निववासी नीतू ने जैनाबाद निवासी सरिता व एक निमोठ की महिला पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट मामले में महिला गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 5 अक्टूबर को पीड़ित पक्ष की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने राधा की ढाणी निवासी लक्ष्मी देवी को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न का एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत से मामला निपटवाने के प्रयास किए थे। बात सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने 20 दिसंबर को केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने बासदूधा निवासी जितेंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 16 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने प्राणपुरा निवासी आशीष और सुलखा निवासी नितिन को गिरफ्तार कर लिया।

## घर में घुसकर दादा-पोते से मारपीट पांच के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** यादव नगर में घर में घुसकर दादा-पोते के साथ मारपीट करने के आरोप में सिटी पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयान में अनुराग ने बताया कि मंगलवार की शाम को वह अपने घर पर था। इसी दौरान उसके दादा सज्जन सिंह के चिल्लाने की आवाज आई। वह घर से बाहर निकला तो पांच युवक उसके दादा से मारपीट कर रहे थे। उसने अपने दादा को उन लोगों से छुड़वाया। इसके बाद दोनों भागकर घर में आ गए। अनुराग ने आरोप लगाया कि शिव कॉलोनी निवासी संदीप, अजय, हिमांशु व दो अन्य युवक उसके मकान में घुस गए। इसके बाद इन लोगों ने उसके और उसके दादा के साथ जमकर मारपीट की। शोर मचाने पर यह लोग उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

## रिक्शा के पीछे चल रहे युवक की कार की टक्कर से मौत

**रेवाड़ी।** नारनौल रोड पर सूंदरोज के पास ई-रिक्शा के पीछे चल रहे एक युवक की कार की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

संघी का बास निवासी नरेश कुमार और उसकी मौसी का लड़का संजय ई-रिक्शा से सवारियां छोड़ने के लिए खोरी बस स्टैंड पर गए थे। दोनों सवारियां छोड़ने के बाद वापस रेवाड़ी आ रहे थे। सूंदरोज के निकट ई-रिक्शा की बैट्री डेड होने से वह रास्ते में बंद हो गई। दोनों ई-रिक्शा को पैदल लेकर रेवाड़ी आ रहे थे। संजय ई-रिक्शा के पीछे धक्के लगा रहा था। सूंदरोज के एक निकट एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से संजय को टक्कर मार दी। इससे संजय डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। नरेश ने एंबुलेंस की मदद से संजय को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उसे एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

# एक जनवरी से दिया जाएगा अक्षत निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा



रेवाड़ी। मंदिर में बैठक करते कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

गांव नंदरामपुर बास स्थित बाबा बिशन दास मंदिर में सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कस्बे में होने वाले कार्यक्रमों का निमंत्रण देने पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि 31 दिसंबर को धारूहेड़ा के शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद गांव में नगर परिक्रमा करके बाबा बिशन दास मंदिर में अक्षत कलश लाया जाएगा। एक जनवरी से अक्षत देकर घर-घर निमंत्रण दिया जाएगा। 22 जनवरी को कलश यात्रा निकालकर बाबा बिशन दास मंदिर में हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर राम यादव, रामचरण गुप्ता, रणधीर, दिनेश यादव, उमेश सेन, विकास पंच, सरपंच प्रतिनिधि गौरव मीना, संजय सैनी, ईश्वर सेन, सुरेश यादव, अरविंद व अमित पंडित मौजूद थे।

# विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मन मोहा

- विवेकानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के मनाया
- स्कूल निदेशक ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की डा. अशोक मेमोरियल छात्रवृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। हरियाणवी डांस की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए अतिथि व निदेशक। फोटो :हरिभूमि

विवेकानंद पब्लिक स्कूल (वीपीएस) लाखनौर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के मनाया गया। समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि दड़ौली आश्रम के महंत समर्पणानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित करके किया। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन जज योगेश यादव ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की। कार्यक्रम में डीएसपी सिटी पवन कुमार, एचसीएस जितेन्द्र यादव, आयकर अधिकारी परमजीत, जिला प्रमुख मनोज यादव, समाजसेवी रविंद्र खोला, परवीन कुमार, डा. सतीश खोला पीपीपी कोऑर्डिनेटर हरियाणा, पूर्व जिला पार्षद प्रशांत सन्नी तथा स्टेट शिक्षक अवार्डी कृष्णा यादव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

समारोह में विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने देश भक्ति डांस,हरियाणवी डांस राजस्थानी डांस सहित कराटे के भी करतब दिखाएं। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव, विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन के चेयरमैरन रामानंद, वीपीएस लाखनौर की एमडी मोहिता यादव, पवन कुमार, नरेश कुमार व डा. सुषमा यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। निदेशक एडवोकेट यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को 1.50 लाख रुपये की डा. अशोक मेमोरियल छात्रवृति प्रदान की।

कार्यक्रम में आसपास के गांवों के सरपंचों, शिक्षाविदों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। नन्हे बच्चों की 'आज है संडे' की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। सीनियर विंग की छात्राओं ने हरियाणवी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने रामायण की प्रस्तुति से कार्यक्रम में भक्तिमय माहौल बनाया।

## बच्चों की प्रतिभा को विकसित करने का दिया संदेश

मुख्यातिथि, निदेशक व एमडी ने दीपक कुमार को सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफर के पुरस्कार तथा विद्यालय के स्केटिंग व ताइक्वांडों कोच संदीप कुमार को सर्वश्रेष्ठ कोच के पुरस्कार से सम्मानित किया। इस मौके पर बच्चों के भविष्य निर्माण में पूरी जागरूकता से अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले अभिभावकों को भी विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से सम्मानित किया गया। अध्यापिका प्राक्षी तथा छात्रा सिमरन व परी ने मंच संचालन किया। मुख्यातिथि एडीजे योगेश यादव ने अभिभावकों को बच्चों पर डॉक्टर या इंजीनियर बनने का दबाव बनाने की बजाय उनकी प्रतिभा व हुनर को विकसित करने का संदेश दिया। स्कूल निदेशक ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी पारितोषिक देकर सम्मानित किया तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शूटिंग में निपुण बनाने के लिए राव शूटिंग अकादमी के निदेशक रमन कुमार की देखरेख में नए सत्र से विद्यालय में शूटिंग अकादमी शुरू करने की घोषणा भी की।

**मौसम** इस सीजन में कम नहीं हो रहा दिन का तापमान, गिरावट के बाद कड़ाके की ठंड ने दी दस्तक

# कोहरे और ठंड दोनों का प्रकोप बढ़ा, न्यूनतम पारा सात डिग्री पर रहा

- सड़कों पर घने कोहरे से यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। एक खेत में कोहरे की चादर में ढकी सरसों की फसल। फोटो :हरिभूमि

सर्दी का सीजन शुरू होने के बाद दिन का तापमान पहली बार 20 डिग्री सेल्सियस पर आने से कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। ठंड के साथ बुधवार को सुबह के समय सीजन का सबसे घना कोहरा देखने को मिला, जिससे सड़क और रेल यातायात पर काफी असर दिखाई दिया। नेशनल हाइवे से लेकर स्टेट हाइवे तक पर वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई। सप्ताह के अंत तक ठंड जहां पीक पर आने की उम्मीद है, वहीं कोहरे का प्रकोप अगले कुछ दिनों तक बना रह सकता है। गत वर्ष दिसंबर माह का दूसरा पखवाड़ा शुरू होते ही कड़ाके की ठंड ने कंपकंपाना शुरू कर दिया था। इस बार कड़ाके की ठंड देरी से शुरू हो रही है। बुधवार को पहली बार अधिकतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 20 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 7 डिग्री पर पहुंच गया। गत वर्ष 27 दिसंबर को अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पहली बार दिन का तापमान गिरने से दोपहर के समय भी लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास होने लगा। दिन में तेज धूप खिलने के बाद लोग पार्कों में बैठकर धूप सेंकते हुए नजर आए। शाम को एक बार फिर से कोहरा शुरू हो गया। मौसम विभाग के अनुसार सप्ताह के अंत में आसमान में बादल छाने से दिन के तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। बरसात की अभी कोई संभावना नहीं है। साल के अंतिम दो दिनों में सर्दी पूरे यौवन पर आ जाएगी। यह मौसम रबी की फसलों के लिए काफी लाभदायक बना हुआ है। सरसों और गेहूं की फसलों का तेजी से विकास हो रहा है। ठंड बढ़ने पर पाला जमने की स्थिति में अगेती सरसों की फसल को नुकसान हो सकता है।

## काहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार

मंगलवार देर रात से ही सड़कों पर कोहरे का असर नजर आना शुरू हो गया था। बुधवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कई स्थानों पर दृश्यता 10 मीटर से भी कम रही। कोहरा लगातार तीन दिन से गिर रहा है, परंतु बुधवार को सबसे घना कोहरा देखने को मिला। सड़कों पर वाहन चालक लाइट और इंडिकेटर जलाकर एक-दूसरे के पीछे धीमी गति से चलते रहे। तीनों हाइवे पर वाहनों की रफ्तार मंद रही। कई ट्रेनों के संचालन में भी कोहरे के कारण देरी हुई, जिससे रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## अब गर्म होगा इलेक्ट्रिक बाजार

दिन के समय मौसम गर्म रहने के कारण अभी तक ठंड से बचाने वाले इलेक्ट्रिक उपकरणों की बिक्री जोर नहीं पकड़ पाई थी। ठंड बढ़ने के साथ ही हीटर, रूम हीटर, गीजर और पानी गर्म करने की रॉड सहित अन्य उपकरणों की बिक्री में तेजी आने के आसार बन गए हैं। इलेक्ट्रिक उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत भी बढ़ेगी। दिसंबर के दूसरे पखवाड़े से बिजली की खपत बढ़कर 120 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। ठंड बढ़ने पर इसमें और वृद्धि होगी, जिससे पावर कट लगने भी शुरू हो सकते हैं।

## सहपाठी ने लिफ्ट देकर बैठाया, कार पलटने से युवती घायल


**कुंड।** अटेली से सहपाठी की कार में लिफ्ट लेकर रेवाड़ी कॉलेज जा रही एक युवती कार पलटने से घायल हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। अटेली के सराय बहादुर निवासी मोनिका ने पुलिस बयान में बताया कि वह कॉलेज जाने के लिए अटेली बस स्टैंड पर वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान कॉलेज में उसके साथ पढ़ने वाला राधा की ढाणी निवासी हितेष स्विफ्ट डिजायर कार लेकर वहां पहुंच गया। उसने उसे साथ चलने के लिए कहा तो वह कार में सवार हो गई। उसने आरोप लगाया कि हितेष मना करने के बाद भी तेज गति से कार चला रहा था, जिस कारण कुड के हनुमान मंदिर के पास कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में उसे कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज कर लिया।

टीवी आर्टिस्ट्स

## न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशंस

न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेने का ट्रेंड है। टीवी के कुछ आर्टिस्ट भी न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेते हैं। **हरिभूमि** को तीन टीवी आर्टिस्ट बता रहे हैं अपना न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशन।

### नए साल में अपनी फिटनेस पर फोकस करूंगाः दर्शन गुर्जर



**सोनी सब** के सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में दर्शन गुर्जर, चिराग की भूमिका निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, सवाल पूछने पर कहते हैं, 'मैं सकारात्मक बदलावों के बारे में सोच रहा हूं। इस साल मैं मुख्य रूप से अपनी फिटनेस को पटरी पर लाने पर फोकस करूंगा। मेरा बॉडी बिल्डर बनने के लिए कोई टारगेट नहीं है। मैं ऐसे काम करना चाहता हूं, जिनसे मुझे खुशी मिले। सुबह पुशअप्स और पुलअप्स करना एक ताजगी देने वाली एक्टिविटी है। मैं नए साल से ये एक्टिविटी करूंगा। साथ ही इसी महीने से मैं अपने डाइट के प्रति अधिक अलर्ट हो गया हूं। मुझे इंटरमिटेंट फास्टिंग शुरू करने से बेहतर महसूस होता है, जिससे मेरे शरीर और दिमाग दोनों को पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। मैं नए साल में भी इसे करता रहूंगा। हमें जिंदगी में काम के साथ-साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी होता है, स्वास्थ्य सही होगा तभी हम दैनिक दिनचर्या में काम करने के लिए सक्षम रहेंगे। काम और जिंदगी के बीच एक हेल्दी बैलेंस बनाए रखने के लिए मैं खुद को अपनी सीमा से बाहर ज्यादा खींचने की कोशिश नहीं करूंगा।' *

### सुबह जल्द उठकर करूंगा सूर्य नमस्कारः आशुतोष कुलकर्णी



**एंडटीवी के** सीरियल 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका में आशुतोष कुलकर्णी नजर आ रहे हैं। नए साल पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, पूछने पर आशुतोष जवाब देते हैं, 'मैंने न्यू ईयर रेजॉल्यूशन लिया है कि नए साल के पहले दिन से ही अपनी सेहत और मानसिक शांति के लिए सुबह सूर्योदय से एक घंटा पहले उठूंगा। उस एक घंटे में मेडिटेशन और कुछ सिंपल से व्यायाम करूंगा। ऐसा करने से एकाग्रता बढ़ेगी, मन शांत होगा और हर परिस्थिति में मेरा मन स्थिर रहेगा। शांत मन और शरीर ना केवल मेरे शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी अच्छा रखेगा। स्वास्थ्य, मेरे लिए मूल रूप से मन, शरीर और आत्मा की एक खुशहाल स्थिति है। मैं पहले से थोड़ा-थोड़ा जिम में एक्सरसाइज करता हूं। अब मैं जल्दी उठूंगा तो ध्यान के बाद सूर्य नमस्कार भी करूंगा। अभी मैं चार बार सूर्य नमस्कार करता हूं, नए साल से रोजाना बारह बार करूंगा। नए साल साल से इन सबकी शुरुआत करूंगा, ईमानदारी से करूंगा। इससे मेरा शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहेगा। मैं सभी को यही कहना चाहूंगा कि आज के तनाव भरे जीवन में किसी को अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।' *

### डाइट का ध्यान रखूंगा-कभी झूठ नहीं बोलूंगाः विनीत कुमार चौधरी



**शेमारू टीवी** पर हाल ही में शुरू हुए सीरियल 'कर्माधिकारी शनिदेव' में शनिदेव का किरदार विनीत कुमार चौधरी निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर उन्होंने क्या रेजॉल्यूशन लिया है, पूछने पर वे बताते हैं, 'मैं हमेशा से अपने फिटनेस को लेकर बहुत ज्यादा कॉन्सियस रहा हूं। मेरा मानना है कि मुझे अपनी डाइट में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहिए। इसलिए मैं अपनी डाइट को सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं। साथ ही समय पर व्यायाम करता हूं, पूरी नींद लेता हूं, सही मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन करता हूं। अपने खाने में शकरकंद और शहद का सेवन जरूर करता हूं। मैं इस बात का ख्याल रखता हूं कि मिठाइयों से दूर रहूं क्योंकि यह मुझे बहुत ज्यादा पसंद है। नए साल पर इन चीजों का ख्याल रखूंगा। साथ ही मैं ड्रिंक नहीं करूंगा और झूठ नहीं बोलूंगा। वैसे भी शनिदेव का किरदार को निभाने के बाद, मेरे मुंह से झूठ निकलता ही नहीं है। मुझे लगता है, नए साल पर सभी को अपने जीवन में ऐसा कोई खास प्रण जरूर लेना चाहिए, जिससे उनके जीवन में कोई बड़ा बदलाव आए।' *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

नया साल 2024 शुरू होने वाला है। आप जरूर चाहेंगे कि आने वाले साल में आप शारीरिक के साथ ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक रहें। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में बदलाव से जुड़े कुछ संकल्प लेने होंगे। इन संकल्पों को लेकर अगर आप इन पर अमल करेंगे तो पूरे साल मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

# तन-मन रहेगा स्वस्थ नए साल पर लें ये 5 संकल्प



डॉक्टर एडवाइस

**डॉ. ज्योति कपूर**
साइकोलॉजिस्ट, नई दिल्ली

आने वाले नए साल की शुरुआत अपने जीवन में कुछ अच्छी आदतों को अपना कर करें तो इससे आपका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही बेहतर रहेगा। आपका मन स्वस्थ है तो आप किसी भी जिम्मेदारी को आसानी से ले सकते हैं, उसे बोझ नहीं समझेंगे और बेहतर तरीके से निभा भी सकेंगे। कहा जाता है कि मन से शरीर का संबंध बहुत गहरा होता है। मन शांत और प्रसन्नचित्त हो तो शरीर भी तंदुरुस्त रहता है। इसलिए अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नए साल के लिए पांच रेजॉल्यूशन यानी संकल्प लें।

### सोच को रखेंगे सकारात्मक

यदि आप किसी भी परिस्थिति में अपनी सोच को सकारात्मक रखते हैं तो इससे आप अपनी समस्या का निदान ही नहीं करते हैं, बल्कि उस समस्या का प्रभाव आपके व्यक्तित्व पर भी नहीं पड़ता है। आप उस परेशानी में उलझने से सदा के लिए बच जाते हैं। कई बार हम दूसरे से अपनी तुलना करने लगते हैं, जो हमारी सेहत के लिए भी ठीक नहीं होता है। यह जरूरी नहीं है कि जो चीज हमारे पास है, वह दूसरे के पास भी हो। दूसरे के अगर पास वो चीज नहीं है तो इससे हमारे अंदर अहंकार पैदा होता है। यदि अपने पास वो चीज नहीं है तो दूसरे को देखकर ईर्ष्या होने लगती है। ये दोनों ही आदतें हमारी मानसिक शांति और सुकून को छीन लेती हैं। इससे बचने के लिए यह जरूरी है कि इस नए साल में हम अपनी सोच को हर दशा में सकारात्मक रखने का संकल्प लें।





### हॉबी को देंगे समय





हर व्यक्ति की कोई ना कोई हॉबी जरूर होती है। डांसिंग, सिंगिंग, रीडिंग, प्लेयिंग, पेंटिंग या टूरिज्म जैसी कोई ना कोई हॉबी आपको भी जरूर होगी। अपने घर, परिवार की जिम्मेदारियों और काम से समय निकाल कर अपनी हॉबी को जरूर समय दें। इससे आपका आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही एक नया दृष्टिकोण भी मिलता है। हॉबी से हमारी रचनात्मक क्षमता बढ़ती है और हमें खुशी भी मिलती है, जिसके कारण हमारे ब्रेन से हैप्पी केमिकल निकलता है। इसीलिए हमारे जीवन में एक हॉबी का होना बहुत जरूरी है। वैसे भी जिस काम में हमारा मन लगता है, जिसमें हमें खुशी मिलती है, उसके लिए हमें रोज कुछ समय जरूर निकालना चाहिए।

### वर्क-पर्सनल लाइफ में करेंगे बैलेंस

जीवन का आनंद लेने और तनाव से बचे रहने के लिए अपनी पर्सनल लाइफ और वर्क लाइफ में हमेशा बैलेंस करना सीखें। अकसर देखा जाता है कि कुछ लोग अपने वर्क लाइफ पर ही अधिक फोकस करते हैं, पर्सनल लाइफ पर उतना ध्यान नहीं दे पाते हैं। नतीजा वर्क लाइफ में तो अच्छा परफॉर्म करते हैं लेकिन पर्सनल लाइफ में अपनों से बहुत दूर हो जाते हैं, जिससे संबंधों में दूरियां और खटास आने लगती है। ऐसे लोग अपनी हेल्थ पर भी ध्यान नहीं दे पाते और अपने काम में इतने व्यस्त होते हैं कि पूरी नींद भी नहीं ले पाते हैं, जिससे वे कई तरह की बीमारियों से असमय ग्रस्त होने लगते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नए वर्ष में अपनी फैमिली के साथ समय बिताने, अपनी पर्सनल और वर्क लाइफ में बैलेंस करने का भी रेजॉल्यूशन जरूर लें।

### गैजेट्स एडिक्शन से रहेंगे दूर

इंटरनेट, मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप से एक तरफ हमारे जीवन में कई तरह की सुविधाएं मिल गई हैं तो इनका एडिक्शन एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसका दुष्प्रभाव समाज के सभी वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। हमारी मानसिकता पर तो इसका प्रभाव पड़ ही रहा है, यहां तक कि यह हमारे संबंधों को भी खराब कर रहा है। अकसर हम इंटरनेट, मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया में इतना समय बर्बाद करते हैं कि हमारे आस-पास क्या हो रहा है उस तरफ हमारा ध्यान ही नहीं जाता है। इतना ही नहीं यह एडिक्शन हमारी रचनात्मक क्षमताओं पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए यह ध्यान रखना जरूरी है कि इंटरनेट और मोबाइल हमारे जीवन के कामों को सरल बनाने के साधन हैं। अपने काम के लिए इसका उपयोग जरूर करें, लेकिन इनका दुरुपयोग या अत्यधिक उपयोग करने से बचें। इसलिए एक संकल्प यह भी लें कि नए वर्ष में इंटरनेट और गैजेट्स का लिमिटेड यूज करेंगे। इसके एडिक्शन से बचेंगे।

### निःस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे

जब हम बिना किसी स्वार्थ के कोई काम करते हैं तो हमें उस काम को करने से आंतरिक खुशी मिलती है, क्योंकि जब हम कोई नेक काम करते हैं और उसमें हमारी कोई आसक्ति (जैसे हमें उससे नाम, पैसा या मान मिले) नहीं रहती है तो हम उस काम को दिल से करते हैं। उसमें हमारा कोई स्वार्थ नहीं होता है तो हमें स्वतः ही अपार खुशी का अनुभव होता है। जब हम अपने घर-परिवार के लिए काम करते हैं तो यह हमारी जिम्मेदारी होती है। हमें लगता है कि इसे हम नहीं करेंगे तो कौन करेगा? जब हमारी रुचि निःस्वार्थ सेवा करने में होती है तो हम उस काम को बोझ नहीं समझते हैं। तब हम सबके प्रति अच्छा सोचते हैं, शुभ भावना और शुभकामना रखते हैं। इसीलिए किसी अनाथालय या ओल्ड एज होम में जाकर बच्चों के साथ समय बिताएं या बुजुर्गों की सेवा जरूर करें। इससे आपको दुआएं मिलेगी और अपने काम से संतुष्टि भी। इससे सारा मानसिक तनाव दूर होगा, आत्मिक शांति मिलेगी। नए वर्ष में ऐसी कोई हैबिट जरूर शुरू करें। *

**प्रस्तुति : संध्या रानी**

एलर्टनेस

## फिर बढ़ रहा कोरोना संक्रमण सतर्क रहें-बरतें सावधानी







पूरे विश्व में कोहराम मचाने वाली कोरोना महामारी को लेकर अभी भी खतरा कम नहीं हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए जेएन.1 कोरोना वायरस स्ट्रेन को 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया है। भले ही लोगों ने बढ़-चढ़कर वैक्सीनेशन कराया है लेकिन समय-समय पर कोरोना वायरस के नए वेरिएंट्स के सामने आने से खतरा कम होता नजर नहीं आ रहा है। एक बार फिर से खतरे की घंटी बजी है और इसका एक और नया सब वेरिएंट जेएन.1 देश-दुनिया में लोगों को संक्रमित कर रहा है। केरल में हाल ही में इस सब वेरिएंट जेएन.1 की पुष्टि की गई है। इसलिए इसके बारे में जानना और सावधान रहना बहुत जरूरी है।

**क्या है सब वेरिएंट जेएन.1 :** कोरोना का यह नया सब वेरिएंट इतनी तैजी से कैसे फैल रहा है? इस बारे में पूछने पर श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी-**डॉ. अनिमेष आर्या** बताते हैं, 'सबसे पहले यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर यह नया सब वेरिएंट है क्या? दरअसल डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर (सीडीसी) के मुताबिक कोरोना का यह सब वेरिएंट, ओमिक्रॉन सब वेरिएंट बीए.2.86 का ही नेक्स्ट जेनरेशन है और इसे दूसरी भाषा में पिरोला भी कहा जाता है। यदि विशेषज्ञों की नजरों से समझें तो जेएन.1 और बीए.2.86 के बीच केवल एक ही अंतर है- स्पाइक प्रोटीन में बदलाव, जिस कारण इस वायरस का संक्रमण अन्य वायरस की तुलना में तेजी से फैलने में सक्षम है। इस नए सब वेरिएंट से सावधान रहने के लिए आपको बहुत ही सावधानी बरतने की आवश्यकता है।'

**जेएन.1 संक्रमण के लक्षण :** कोरोना के इस नए सब वेरिएंट से संक्रमित होने के लक्षणों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन, **डॉ. नवनीत सूद** बताते हैं, 'पिछले कोरोना वेरिएंट्स की ही तरह इसमें भी मिलते-जुलते लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जैसे- लगातार बुखार आना, खांसी आना, नाक जाम हो जाना, नाक से पानी बहना, जल्द थकान, सिर दर्द, स्वाद या गंध का सेंस कम होना, गला खराब होना, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं आदि। डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर के मुताबिक कोई खास लक्षण अलग से नजर नहीं आए हैं, जिसकी वजह से यह पता लगा पाना मुश्किल है कि लक्षण पिछले कोरोना वेरिएंट के मुकाबले अलग हैं या नहीं, इसलिए अगर आपको ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपनी जांच कराएं, मास्क लगाकर रखें और लोगों से दूरी भी बनाकर रखें।

**संक्रमण से बचाव के उपाय :** कोरोना से बचाव के उपाय के बारे में नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट- इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** बताते हैं, कुछ विशेषज्ञों की मानें और सीडीसी के मुताबिक फिलहाल इसका कोई सबूत नहीं है कि यह नया वेरिएंट बहुत खतरनाक है। फिर भी जिस प्रकार से इसका संक्रमण वैश्विक स्तर पर तेजी से फैल रहा है, उसको देखते हुए बहुत ही सावधान रहने की आवश्यकता है।

- यदि आपने अभी तक वैक्सीनेशन नहीं कराया है तो तुरंत वैक्सीनेशन कराएं।
- सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर रखें, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें।
- कोरोना के कोई लक्षण दिखें तो तुरंत अपनी जांच करवाएं। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर संक्रमित को अलग रहने दें और कोरोना नियमों का पालन करें।
- घर से बाहर जाते समय मास्क और हैंड सेनीटाइजर का इस्तेमाल करें।
- अपने हाथ साबुन से धोते रहें। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

औषधीय वृक्ष

## औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात



पारिजात का पेड़ अत्यंत गुणकारी होता है लेकिन यह बहुतायत से नहीं उगता है। औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात के पेड़ का आयुर्वेद में बहुत महत्व है। क्षेत्रीय भाषाओं में पारिजात को हरसिंगार, कूरी, सिहारु, नाइट जैसमिन, रागपुष्पी, गंगा सेयोली, पारडिक, जया पार्वती और ट्रीटी सैडनेस नामों से भी जाना जाता है। पारिजात के उपयोगी हिस्से इसके पत्ते, जड़, छाल, बीज और फूल हैं।

**सेवन के लाभः** पारिजात के बीजों का सेवन बवासीर की बीमारी में लाभदायक है। सर्दी, जुकाम और खांसी में इसके पत्तों का सेवन हितकर है। साथ ही पेट के कीड़ों को भी नष्ट करता है। जोड़ों का दर्द, अर्थराइटिस के मरीजों के लिए भी इसका सेवन गुणकारी है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने के कारण कई बीमारियों में लाभ करता है। इसके पत्ते और छाल का सेवन बुखार को तुरंत कम करता है, इसलिए मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया में बहुत लाभदायक है। मधुमेह रोगियों के लिए इसके पत्तों के काढ़े का सेवन बहुत गुणकारी है।

**सेवन का तरीकाः** अब पारिजात के सेवन के तरीके के बारे में जान लेते हैं।

- डैंड्रफ से परेशान हैं या दूषित खान-पान, कार्य की व्यस्तता, पोषक तत्वों की कमी के कारण सिर के बाल झड़ रहे हैं। ऐसे में पारिजात के बीजों का पेस्ट सिर पर लगाने से डैंड्रफ और सिर के बाल झड़ने जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। सिर पर फुंसियां होती हैं या खुजाने से बॉडी पर घाव हो जाता है तो भी इसके बीज का पेस्ट फायदेमंद है।
- गले की बीमारी गलशुंडी से परेशान हैं तो इसकी जड़ को चबाने से गले को आराम मिलता है।
- नाक या कान से खून आता हो तो इसकी जड़ अच्छी तरह धोकर चबाने से राहत मिलती है।
- बार-बार पेशाब आने से परेशान हैं तो इसके पत्ते, जड़ और फूल को मिलाकर काढ़ा बनाकर दो से चार चम्मच दिन में दो बार लेना फायदेमंद हो सकता है।
- शरीर में दर्द वाले स्थान पर इसके पत्तों को पीस कर गुनगुना करके दर्द वाले स्थान पर लगाने से दर्द से राहत मिलती है।
- दाद से परेशान हों तो इसके पत्तों को पीस कर रस निकाल कर दाद पर लगाएं, आराम मिलेगा।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय, उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। * **-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**


हेल्थ एडवाइस

**डॉ. माजिद अलीम**

सर्दी के मौसम में अधिकतर बुजुर्ग लोग, जोड़ों के दर्द से परेशान रहते हैं। शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से यह समस्या होती है। इसे कंट्रोल करने के लिए कुछ सरल उपायों से आपको राहत मिल सकती है।

## सर्दियों में जोड़ों का दर्द इन उपायों से मिलेगी राहत







जो लोग जोड़ों के दर्द से पीड़ित होते हैं, सर्दियां उनके लिए बहुत कष्टदायक होती हैं। क्योंकि सर्दियां आते ही जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। इसके पीछे का कारण होता है शरीर में बढ़ा हुआ यूरिक एसिड। इसलिए जिनको बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत हो, उन्हें सर्दियों में कुछ विशेष तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए।

**गुनगुने पानी का सेवन करें :** अगर आपको बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत रहती है तो इस मौसम में लगातार गुनगुना पानी पीना चाहिए। इससे हड्डियों और जोड़ों में जमा यूरेट क्रिस्टल धीरे-धीरे पिघल कर मूत्र के रास्ते शरीर से बाहर निकल जाता है। लब्बोलुआब यह कि ऐसे लोगों को सर्दियों में गुनगुना पानी पीना चाहिए, ताकि उनके जोड़ों का दर्द कंट्रोल में रहे। सर्दियों में कम पानी पीने की भूल कतई ना करें। सर्दियों में कम पानी पीएंगे तो यूरिक एसिड और ज्यादा परेशान करेगा। दरअसल, यह भी एक किस्म का विषाक्त पदार्थ है, जो गुनगुने पानी के सेवन करने से शरीर से बाहर निकलता रहता है। अब सवाल है कितना पानी पीना चाहिए? इसका कोई तय नियम नहीं है। आमतौर पर ढाई से तीन लीटर के बीच प्रतिदिन पानी पीना पर्याप्त माना जाता है।

**खट्टे फलों का सेवनः** खट्टे फल मसलन नीबू, संतरा, आंवला, अनानास, चेरी, स्ट्रॉबेरी, मौसंबी और पपीता आदि विटामिन सी से भरपूर होते हैं। खट्टे फलों के नियमित सेवन से इनमें मौजूद विटामिन सी शरीर के अंदर यूरिक एसिड को क्रिस्टल के रूप में जमा नहीं होने देती। इसलिए ये सभी फल प्राकृतिक रूप से यूरिक एसिड को कम करने में मददगार होते हैं। खासकर जिन लोगों को हड्डियों-जोड़ों में दर्द और यूरिक एसिड बढ़ा हुआ हो, उन्हें तो खट्टे फलों को अपनी नियमित खुराक का हिस्सा बना लेना चाहिए। इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद है आंवला।

**इन सब्जियों का करें सेवनः** खट्टे फल की तरह कई सब्जियां भी यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में सहायक होती हैं। इनमें कद्दू, टमाटर, खीरा, मशरूम, परवल आदि विशेष रूप से फायदेमंद सब्जियां हैं। ये सब्जियां शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करती हैं, जिससे यूरिक एसिड का लेवल कम हो जाता है। कद्दू में विटामिन सी, बीटा कैरोटिन, ल्यूटिन जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व होते हैं। इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को सक्रिय करता है, जिससे पाचनशक्ति बेहतर रहती है और यूरिक एसिड नियंत्रित रहता है। टमाटर भी विटामिन सी का भंडार है, जबकि खीरा फाइबर के भंडार होने के साथ-साथ पानी से भी भरपूर है, जिससे किडनी में गाउट की समस्या से बचाव होता है। मशरूम में बीटा-ग्लूकेंस होता है, जो यूरिक एसिड की समस्या से निजात दिलाता है। परवल खाने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे गाउट और गठिया के मरीजों को दर्द से राहत मिलती है।

**ये मसाले भी हैं मददगारः** यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में रसोई में पाए जाने वाले कई मसालों की जबरदस्त भूमिका हो सकती है। दरअसल, यूरिक एसिड शरीर में एक गंदगी की तरह जमा हो जाता है, इसे कुछ मसालों के खाने से शरीर से बाहर करने में मदद मिलती है। हल्दी, अदरक, अजवाइन और अलसी खाने से यूरिक एसिड की समस्या में फायदा होता है। अजवाइन इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद होती है, क्योंकि अजवाइन में एंटी-इफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इस कारण यह शरीर में बनने वाले यूरिक एसिड के क्रिस्टल को तोड़ती है और इस तरह जोड़ों के दर्द से मुक्ति दिलाता है। *

**आमंत्रित हैं लेख...**

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

**हरिभूमि- संपादक-सेहत**

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

### प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से किया वर्चुअल संवाद

# विकसित भारत-संकल्प यात्रा से घर-घर खुशहाली ला रही मोदी की गारंटी वैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/कोसली/बावल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी विकसित भारत-संकल्प यात्रा के माध्यम से घर-घर खुशहाली ला रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद बुधवार को जिले के गांव जाट सायरवास, भगवानपुर, लाला, खेड़ा आलमपुर, प्राणपुरा, खरखड़ी, नांगल भगवानपुर व नेहरूगढ़ में पहुंची और लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद करते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लाभार्थियों को सरकार की 9 साल की उपलब्धियों पर आधारित कैलेंडर व ब्रॉशर का वितरण भी किया गया। लोगों ने ड्रोन के जरिए खेतों में यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने की मॉक ड्रिल भी देखी। कार्यक्रम के दौरान गांव जाट सायरवास में पीपीपी स्टेट कोर्डिनेटर डा. सतीश खोला व भगवानपुर में सत्यदेव यादव, गांव लाला व नेहरूगढ़ में वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव, खेड़ा आलमपुर में पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव, नांगल भगवानपुर में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मास्टर हुकमचंद यादव, बावल विधानसभा के गांव प्राणपुरा व खरखड़ी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिंहराम महलावत मुख्यातिथि थे।


रेवाड़ी। कार्यक्रम मे शपथ लेते हुए छात्राएं व ग्रामीण।


रेवाड़ी। छात्राओं को सम्मानित करते वीर कुमार यादव।


रेवाड़ी। महिला को गैस चूल्हा भेंट करते हुकुमचंद यादव।

#### गरीबों के जीवन में आई खुशहाली: खोला

पीपीपी कोर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी से गरीबों के जीवन में खुशहाली आई है।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार का देश-प्रदेश के अंतिम व्यक्ति का अंत्योदय उत्थान पर पूरा फोकस है। इस दौरान 58 आयुष्मान कार्ड, 25 बीपीएल कार्ड, 4 उज्ज्वला कनेक्शन, 2 वृद्धावस्था पेंशन, 135 स्वास्थ्य जांच, 15 पानी सैंपल की जांच, 2 लाभार्थियों को पशु अनुदान, सरपंच को हर घर नल से जल का प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों को ग्राम दर्शन पोर्टल पर अपलोड किया गया। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों की बिजली ट्रांसफर से संबंधित शिकायतें सुनीं गई तथा आईआईटी से पासआउट विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

#### जानकारी: दी जा रही: बिक्रम

पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव ने लाभार्थियों से कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं व फ्लैगशिप कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है, जिससे सरकार योजनाओं का लाभ एक समय में लोगों के सभी वर्गों तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है।

#### मोदी पर भरोसा: वीर कुमार

भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव, कोने-कोने में दिख रहा है वह अपने आप में अद्भुत है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देशभर के परिवारों को सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ मिल रहा है। यात्रा का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतुष्टि हासिल करना है, जिससे देशभर में सभी इच्छित लाभार्थियों को उनके लाभों की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके।

#### जोड़ रही यात्रा: हुकुमचंद

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मास्टर हुकमचंद यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। यात्रा को लेकर समय-समय पर मोदी का मार्गदर्शन अद्भुत रहा है और अब तो यह समय आ गया है कि देश प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में अपना विश्वास जता रहा है।

#### लाभार्थियों में जोश का संचार

मोदी कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल लाभार्थियों से रूबरू हुए। प्रचार वैन में लगी एलईडी स्क्रीन से प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों में जोश व उत्साह का संचार किया। सभी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ ली। अतिथियों ने विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## पैक्स प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के रूप में बनी प्रमुख पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सहकार से समृद्धि विजन के तहत पैक्स अब प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के रूप में एक प्रमुख पहल है, जिसकी जानकारी बेहतर तरीके से पहुंचाने के लिए सहकारिता मंत्रालय की ओर से एक लघु विडियों को एक दर्जन से अधिक भाषाओं में यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया है, जिसे आमजन लिंक के माध्यम से देख सकते हैं। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों (यूसीबी) को मजबूती प्रदान करने के लिए बुलेट रीपेमेंट स्कीम के तहत गोल्ड लोन की मौजूदा सीमा 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 4 लाख रुपए कर दी है। उन्होंने बताया कि आरबीआई की ओर से निर्धारित पीएसएल टारगेट को पूरा करने वाले यूसीबी को प्रोत्साहित करने के लिए गोल्ड लोन की मौद्रिक सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे यूसीबी के लिए बुलेट रीपेमेंट स्कीम के तहत 2 लाख रुपए से 4 लाख रुपए तक की छूट दी जाएगी, जिन्होंने निर्धारित अवधि तक ओवरऑल पीएसएल टारगेट और सब-टारगेट को पूरा कर लिया है। आरबीआई के अनुसार प्राथमिकता वाले क्षेत्र के लोन टारगेट को पूरा करने वाले अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों को उपयुक्त प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।


डीसी राहुल हुड्डा।

#### क्या है गोल्ड लोन बुलेट रीपेमेंट ऑप्शन

बुलेट रीपेमेंट ऑप्शन में लोन धारक को लोन अवधि के अंत में पूरा मूलधन और ब्याज राशि का भुगतान करना होगा। गोल्ड लोन की ब्याज दर कैलकुलेशन पूरे टेन्योर के हर महीने की जाएगी, लेकिन कुल मूलधन और ब्याज राशि एक ही भुगतान में टेन्योर के अंत में देय होगी। बुलेट रिपेमेंट योजना के तहत लोन लेने वाला मूल राशि और ब्याज का भुगतान करने के लिए एक अवधि होती है।

## आईजीयू में 13 को पूर्व छात्र मिलन समारोह

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में 'कुटुंब एन एसोसिएशन ऑफ आईजीयू' के अन्तर्गत 13 जनवरी 2024 को प्रथम पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आईजीयू में विभागीय स्तर पर विभिन्न शैक्षणिक विभागों की ओर से एलुमनी मीट आयोजित की जा चुकी है। विश्वविद्यालय स्तर पर अब प्रथम एलुमनी मीट आयोजित की जाएगी। विवि के कुलपति प्रो. जेपी यादव ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान उसके छात्रों से होती है। पूर्व छात्र सम्मेलन एक पुल की तरह है, यह अतीत को वर्तमान से जोड़ता है। इससे पुराने छात्रों को फिर से अपने शिक्षण संस्थान में आने का मौका मिलता है एवं वहां की व्यवस्था को जानने का अवसर मिलता है। आईजीयू के पूर्व विद्यार्थी विविध क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित करके विश्वविद्यालय का परचम लहरा रहे हैं।

### खबर संक्षेप

#### ऑनलाइन टास्क का शिकार हुई महिला

**रेवाड़ी।** ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने के लालच में एक और महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने उसे हजारों रुपये का चूना लगा दिया। साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी। कोनसीवास निवासी विनिता ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसके पास आनलॉइन टास्क का मैसेज आया था, जिसमें रेटिंग और रिव्यू के बदले पैसा देने की बात प्रिया मेहरा नाम बताने वाली महिला ने की थी। शुरू में उसके खाते में 200 रुपये डाले गए। उसे एक ऐप डाउनलोड करने का कहा गया। ऐप डाउनलोड करने के बाद आरोपी उससे पैसे की मांग विभिन्न बहानों से करते रहे।

## स्पैल बी स्पर्धाओं का समापन, विजेता करेंगे स्टेट लेवल पर प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् के तत्वावधान में बुधवार को सेक्टर-4 स्थित डीपीसी कार्यालय में दो दिवसीय स्पैल-बी प्रतियोगिता का समापन किया गया। गत दिवस कक्षा 6 से 8 व बुधवार को कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह ने किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 में खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने वाद-विवाद, कहानी लेखन, वर्तनी हिंदी व स्पैल-बी अंग्रेजी की चार प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कक्षा 9 से 12 में खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने वाद-विवाद, कहानी लेखन, कविता लेखन व क्विज ऑन टैंसीज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस मौके पर डीईओ ने कहा कि विभाग की ओर से आयोजित की जाने वाली इस प्रकार की पाठ्य सहगामी क्रियाओं से विद्यार्थियों में लेखन तथा पठन की रूचि बढ़ती है। विद्यार्थियों को निरंतर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहना चाहिए। निर्णायक मंडल में डाइट हुसैनपुर व राजकीय वरिष्ठ विद्यालयों से हिंदी एवं अंग्रेजी प्रवक्ताओं ने भूमिका निभाई और प्रत्येक कक्षा एवं प्रतियोगिता में प्रथम विजेताओं का चयन किया। जिला स्तर पर प्रथम आने वाले प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। मंच संचालन डा. कमल सिंह ने किया। प्रतियोगिता के आयोजन में समग्र शिक्षा से सहायक परियोजना अधिकारी हेमंत कुमार, अजय कुमार, कृष्ण, सुंदर सिंह, प्रदीप कुमार उपाधीक्षक, राजेश कुमार, सतपाल सिंह लेखाकार, संजय कुमार लिपिक, अनुराधा व बंटी यादव का सहयोग रहा।


रेवाड़ी। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

#### प्रतियोगिताओं के यह रहे परिणाम

कक्षा 6 से 8 की हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में खोल खंड के जीएमएसएसएसएस पीथड़ावास से वंशिका, रेवाड़ी खंड के जीएमएस डूंगरवास से मेघा तथा जीएमएसएसएसएस बीकानेर से डिंपी वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्तनी हिंदी में जीएसएसएस कमालपुर से जिया, जीएमएस नांधा से अंतिम व जीएचएस लाला से धर्मेश विजेता रहे। कहानी लेखन हिंदी में जीजीएसएसएस गुरावड़ा से दृष्टि, जीएसएसएस पदैयावास हेमलता व जीएसएसएस राजगढ़ से भवानी ने प्रथम स्थान पाया। स्पैल-बी अंग्रेजी स्पर्धा में पीएम श्री जीएसएसएस बावल से दक्ष, जीएसएस खालेटा से लोकेश व जीजीएचएस गुड़ियानी से कीर्ति ने प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 9 से 12 की हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में जीएसएसएस जाड़रा से वर्षा, जीएचएस पातुहेड़ा से तान्या, जीएसएसएस खोल से निधि तथा जीएसएसएस तुर्कियावास से कामिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज ऑन टैंसीज प्रतियोगिता में जीएसएसएस गोकलगढ़ से टोनी, पीएम श्री जीएसएसएस पाल्हावास से नेहा, जीजीएसएसएस कोसली से शिल्पी व जीजीएसएसएस बावल से पायल विजेता रही। कहानी लेखन हिंदी में जीएसएसएस मायण से देविका, जीएसएसएस नांगल जामलपुर से रीतिका कुमारी, जीएसएसएस खंडौड़ा से नेहा व जीएसएसएस बगथला से सोनिया ने प्रथम स्थान पाया। कविता लेखन में पीएम श्री जीएसएसएस खोरी से महक, जीएचएस पातुहेड़ा से अंजलि, पीएम श्री जीएसएसएस खोरी से मुस्कान व पीएम श्री जीएसएसएस खोरी से ही दीपिका ने प्रथम स्थान हासिल किया।

#### कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय मानव कष्ट निवारण समिति की बैठक बुधवार को सुभाष चन्द्र बोस पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रदेशाध्यक्ष श्योकरण मेहरा ने की। मेहरा ने बताया कि आगामी बैठक 31 दिसंबर को माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद चौक कार्यालय में रखी जाएगी। बैठक में मुख्यातिथी के रुप में चीफ कोऑर्डिनेटर हरियाणा शिरकत करेंगे। बैठक गुरु रविदास सभा ग्राम रालियावास की ओर से आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर प्रेमसिंह प्रधान आरपीआई ने बताया कि 1 जनवरी 2024 को माता रमाबाई संस्था कार्यालय में भीमा गोरे ग्राम शोर्य दिवस के ऐतिहासिक युद्ध को 200 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम होगा।

## ट्रेनिंग कैंप में किसानों को दी जैविक खेती की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नियाम और नाइस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गांव बिठवाना व कमलापुर में किसानों के लिए तीन दिवसीय एग्रीकल्चर मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम में दोनों गांवों में 80 के करीब किसान भागेदारी कर रहे है।

बुधवार को प्रशिक्षण के दूसरे दिन डा. राजकुमार ने किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी दी। डा. पवन कुमार ने किसानों को कृषि व्यवसाय के बारे में बताया। उन्होंने किसानों को मुर्गी फार्म व मशरूम की खेती की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संजय यादव और संदीप का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर गांव बिठवाना सरपंच संजय कुमार सहित अने किसान मौजूद थे।

## हड़ताल से महेंद्रगढ़ में भी मरीज हताश-परेशान दिखे


महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल में खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़।

अपनी मांगों को लेकर बुधवार को सरकारी अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल पर रहे। चिकित्सकों की हड़ताल पर होने से नागरिक अस्पताल में दिनभर मरीज इधर-उधर भटकते रहे। इसके अलावा मरीजों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। नागरिक अस्पताल में में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं ही चालू रखी गई थीं। ओपीडी कक्षों में डॉक्टरों के चेंबर खाली पड़े थे। मरीज डॉक्टरों के आने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन जब डॉक्टर नहीं पहुंचे तो वापस लौट गए। हड़ताल पर होने से मरीजों को खांसी-जुकाम तक भी दवाई नहीं मिल पाई।

## नांगल जमालपुर में ट्रांसफार्मर बने ग्रामीणों की परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

क्षेत्र के गांव नांगल जमालपुर में बाबा भीष्मदास मंदिर के समीप 11 हजार केवी बिजली लाइन के पोल पर लगे ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। ट्रांसफार्मर रास्ते के बीच में लगा होने के कारण लोगों को आवागमन के समय हर समय खतरा बना रहता है। ट्रांसफार्मरों का अन्य जगह स्थानांतरण कराने के लिए ग्रामीण कई बार बिजली निगम के अलावा कैबिनेट मंत्री बनवारीलाल से भी मिल चुके है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। राहुल, दीपेंद्र, भूपेंद्र, अजीत, मुकेश व संदीप ने बताया कि गांव में बाबा भीष्मदास मंदिर के रास्ते पर अहरोद से आने वाली बिजली आपूर्ति की 11 हजार केवी की लाइन पर दो बिजली ट्रांसफर्मर लगे हुए है। इन ट्रांसफार्मरों से हमेशा चिंगारी उठती रहती है, जिसके कारण रास्ते से आवागमन करने वाले राहगीरों के साथ-साथ आस-पास के लोगों को भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर नीचे होने के कारण हमेश करंट लगने का भय भी बना रहता है।



रेवाड़ी। ट्रांसफार्मर दिखाते हुए युवक। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा में उपेक्षा से बचने के लिए आजमाएंगे तरकश का हर तीर

# जनाधार की ताकत से 'दबाव' की तैयारी, समर्थकों में जोश भरने उतरेंगे राव

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

भाजपा में अलग-थलग नजर आ रहे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सक्रिय राजनीति से अलग होने से पहले दमदार राजनीतिक पारी खेलने की पूरी तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए वह भाजपा से शीर्ष नेताओं से लेकर पार्टी में ही अपने राजनीतिक विरोधियों को जनाधार की ताकत से रूबरू कराने की रणनीति पर आगे बढ़ने जा रहे हैं। इसकी शुरूआत 6 दिसंबर को कांग्रेस के ऐसे गढ़ नूंह से की जा रही है, जहां वोट बैंक के मामले में भाजपा खाली हाथ नजर आती है। पूरी तरह 'टीम राव' पर केंद्रित रहने वाली इस रैली को सफल बनाने के लिए राव के खास समर्थकों ने खास रणनीति के तहत काम करना शुरू कर दिया है। समूचे दक्षिणी हरियाणा में अपना व्यापक प्रभाव रखने वाले केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का पार्टी से हटकर अपना अलग जनाधार है। परंपरागत समर्थकों को उनसे अलग करना आसान नहीं है। कांग्रेस में रहते प्रदेश का सीएम बनने का सपना पूरा नहीं होते देख राव ने 2014 के लोस चुनावों से पहले ही भाजपा ज्वाइन कर ली थी। इसके बाद उन्होंने दक्षिणी हरियाणा में भाजपा के लिए दिल खोलकर काम किया। विस चुनावों में उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए इस उम्मीद के साथ पूरा जोर लगाया कि बहुमत आने की स्थिति में पार्टी उन्हें प्रदेश का नेतृत्व करने का मौका जरूर देगी। पार्टी हाईकमान ने उनके 'नेता' बनने के सपने को चूर कर दिया था। कांग्रेस की तर्ज पर राव ने 2019 के विस चुनावों से पहले सीएम मनोहरलाल से भी दूरी बनाना शुरू कर दिया था, जो आज तक बरकरार है। उनका सीएम के साथ लगातार छत्तीस का आंकड़ा बना रहा, जो फायदे की बजाय घाटे का सौदा साबित होता रहा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्यमंत्री से बाहर निकालने की बजाय राज्यमंत्री के रूप में ऐसा विभाग सौंप दिया। इसके विपरीत राव के राजनीतिक विरोधी माने जाने वाले भाजपा के कई नेताओं को पार्टी ने आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राव और सीएम के बीच राजनीतिक दूरियों ने कुछ ऐसे नेताओं को भी राव से दूरी बनाने पर मजबूर कर दिया, जिनके लिए सीएम का साथ निभाना मजबूरी बना हुआ था।


सीएम मनोहरलाल।


राव इंद्रजीत सिंह।


डा. सुधा यादव।

#### सीएम के करीबी रहेंगे टारगेट पर

एमएलए से लेकर मंत्रियों तक के लिए अपने हलकों में विकासकार्य कराने के लिए सीएम से सामंजस्य बनाए रखना जरूरी है। इसी सामंजस्य को बनाने के लिए दक्षिणी हरियाणा के कुछ मंत्री से लेकर विधायक तक राव के 'सॉफ्ट टारगेट' पर आ चुके हैं। ऐसे मंत्री और विधायक सीएम से मिलकर अपने-अपने हलकों में विकासकार्यों को गति दे रहे हैं, ताकि आगामी चुनावों में वह विकास के दम पर लोगों के बीच जा सकें। शायद यह बात 'राजा' को अखर रही है। इन नेताओं की सीएम से नजदीकी राव से दूरी बढ़ाने का कारण बन रही है।

#### सिर पर रहेगी हार की तलवार

दक्षिणी हरियाणा की कई विधानसभा सीटों पर राव का दबदबा इस तरह कायम है कि उनके एक इशारे पर समर्थक किसी भी पावरफुल प्रत्याशी की जीत को हार में बदलने का काम 'गांरटी' के साथ कर सकते हैं। राव के इस प्रभाव को देखते हुए टिकट मिलने की सूरत में भी उनके राजनीतिक विरोधी हार के डर से मैदान छोड़ने को तैयार हो जाते हैं। राव से जुड़े सूत्रों के अनुसार ऐसे नेताओं को झटका देने के लिए राव नई रणनीति के तहत उनके हलकों में भी जल्द सभाओं की शुरूआत करने जा रहे हैं।

#### ढकोसला साबित हो रही संकल्प यात्रा

**कोसली।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश डाबला ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से चलाई जा रही विकसित भारत-संकल्प यात्रा जनसंवाद केवल ढकोसला साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद यात्रा में जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का दावा किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि लोगों की एक भी समस्या का समाधान मौके पर नहीं हो पा रहा है। डाबला ने कहा कि यात्रा को जिस गांव में पहुंचना होता है, उससे पहले आसपास के गांवों में घोषणा कराई जाती है कि जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान होगा। यात्रा में दूसरे गावों से भी लोग अपना कामकाज छोड़कर शामिल होते हैं।

## खबर संक्षेप

### मारपीट में दंपति सहित तीन गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने संघी का बास में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दंपति सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने झगड़े में घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने संघी का बास निवासी सुरेंद्र, उसकी पत्नी और खजान सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### चार माह बाद मारपीट का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** विपुल गार्डन में करीब चार माह पहले हुए मारपीट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 29 अगस्त को मारपीट के आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद से कुछ आरोपी फरार चल रहे थे। एक आरोपी विपुल गार्डन निवासी मोहित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एम्स के नाम पर राजनीति कर रही सरकार

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार वर्ष 2024 में होने वाले चुनावों में राजनीतिक लाभ लेने के लिए माजरा एम्स को लेकर राजनीति कर रही है। एक बयान में विद्रोही ने कहा कि एम्स के शिलान्यास को भाजपा सरकार ने चुनावी लाभ और लोगों के वोट हड़पने के लिए अगले साल तक लटकाए रखा है। एम्स के श्रेय को लेकर भी भाजपा की गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है।

### जिला परिवेदना समिति की बैठक 5 जनवरी को

**रेवाड़ी।** जिले के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 5 जनवरी को दोपहर 12 बजे बाल भवन में श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में 15 परिवादों की सुनवाई की जाएगी। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 11 नए परिवाद सहित पिछली बैठक में लंबित 4 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्धारित तिथि व समय पर रिपोर्ट सहित बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

### कई गांवों में पहुंचेंगे चार प्रचार वाहन

**रेवाड़ी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि संकल्प यात्रा-जनसंवाद के चार प्रचार वाहन 28 दिसंबर को प्रचार वाहन नंबर-1 गांव खटावली में प्रातः 10 बजे व खलियावास में सायं 3 बजे, प्रचार वाहन नंबर-2 गांव लिलोढ़ में प्रातः10 बजेव करावरा मानकपुर में सायं 3 बजे, प्रचार वाहन नंबर-3 गांव राजगढ़ में प्रातः 10 बजे व गांव टांकड़ी में सायं 3 बजे तथा प्रचार वाहन नंबर-4 गांव रामपुरी प्रातः 10 बजे व रोलियावास में सायं 3 बजे पहुंचकर आमजन को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं से लाभांवित करेंगे।

### डिप्टी सीएम कल बावल में करेंगे शिरकत

**रेवाड़ी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 29 दिसंबर को बावल हल्के में आयोजित होने वाले कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जेजेपी जिलाध्यक्ष चौ. विजय सिंह ने बताया कि उपमुख्यमंत्री सुबह 10:30 बजे गांव तिहाड़ा में कार्यकर्ताओं की बैठक के उपरांत 11:30 बजे गांव प्राणपुरा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### महिला को फोन पर गालियां और धमकी

**रेवाड़ी।** चिल्हड़ की एक महिला को फोन पर अश्लील गालियां देने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना सदर पुलिस को दर्ज शिकायत में महिला ने बताया कि अनजान उसके फोन पर फोन करते हुए उसे और उसके पति को कई दिनों से लगातार धमकियां दे रहा है। उसका कहना है कि विकास पांचाल के 50 हजार रुपये दो। रुपये नहीं देने पर घर में घुसकर उसे और उसके पति को मारा जाएगा।

---

एचसीएमएस ने सरकार को एक दिन का दिया अल्टीमेटम

# चार मांगों को लेकर सरकारी डॉक्टरों ने की हड़ताल इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर ओपीडी रही बाधित

### मांगे नहीं मानी तो 29 दिसंबर से पूर्णतया: रहेगा शटडाउन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी





रेवाड़ी। हड़ताल पर प्रदर्शन करते डॉक्टर्स, जानकारी देते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज (एचसीएमएस) एसोसिएशन की ओर से बुधवार को मांगों को लेकर की गई हड़ताल के कारण जिले के नागरिक अस्पताल व सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी पूर्णतयाः बंद रही। हड़ताल के दौरान सभी सरकारी चिकित्सकों ने नागरिक अस्पताल में धरना-प्रदर्शन किया। हांलाकि हड़ताल के दौरान अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में इमरजेंसी और पोस्टमार्टम सुविधाएं सुचारू थी, लेकिन रोजाना की ओपीडी पर असर पड़ा। नागरिक अस्पताल में काफी लोग डॉक्टरों को दिखाने के लिए परेशान नजर आए। एचसीएमएस एसोसिएशन की ओर से सरकार को एक दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। अगर सरकार की ओर से डॉक्टरों की प्रमुख मांगों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो 29 दिसंबर से एसोसिएशन की शटडाउन हड़ताल शुरू होगी, जिसमें सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सहित इमरजेंसी, पोस्टमार्टम व लेबर रूम की सुविधा भी बंद रहेगी।

#### काले बिल्ले लगाकर किया था रोष प्रदर्शन

अपनी मांगों को लेकर जिले के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर पहले भी दो घंटे के लिए ओपीडी बंद कर चुके हैं। इसके अलावा काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन भी कर चुके हैं। मांगों को लेकर एसोसिएशन की ओर से सिविल सर्जन, उपायुक्त व स्वास्थ्य महानिदेशक के साथ जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर पहले ही चेताया जा चुका है। 21 दिसंबर को डॉक्टरों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा था। इससे पहले 9 दिसंबर को दो घंटे तक ओपीडी सेवाएं बाधित कर अपना रोष प्रकट किया था। मांगें पूरी नहीं होने पर चिकित्सकों ने प्रमुख चार मांगों को नहीं मानने की स्थिति में हड़ताल की चेतावनी दी थी।एचसीएमएस एसोसिएशन के आह्वान पर सरकारी डॉक्टर स्पेशलिस्ट का अलग से कैडर बनाने, केंद्र की तर्ज पर 4 एसीपी देने, डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती न करके एमओ को सीनियोरिटी के हिसाब से प्रमोशन देने और पीजी करने जाने वाले डॉक्टरों के लिए बॉन्ड पॉलिसी में बदलाव कर 1 करोड़ की बजाय 50 लाख करने की मांग कर रहे है।



रेवाड़ी। हड़ताल के दौरान खाली पड़ा अस्पताल। फोटो :हरिभूमि

#### करीब 15 मरीजों की ओपीडी प्रभावित

मौसम में बदलाव के कारण अस्पताल में वायरल मरीजों की ओपीडी भी बढ़ रही है। कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 का खतरा भी मंडरा रहा है। हड़ताल के दौरान मरीजों को बुधवार को उपचार के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पडा। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 1500 से करीब मरीजों की ओपीडी हो जाती है, जिसमें ईएनटी, आंखों, त्वचा रोग, खांसी-जुकाम व बुखार के मरीजो सहित अन्य बीमारियों के मरीज आजे है।

#### सरकार ने ठोस आश्वासन नहीं दिया गया

एचसीएमएस एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डा. पिंकेश धारीवाल, जिलाध्यक्ष डा. संदीप यादव व जिला महासचिव डा. अभिषेक राव ने कहा कि एचसीएमएस एसोसिएशन लंबे समय से चार प्रमुख मांगों को लकर ही सरकार से मांग करती आ रही है। सरकार को स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए विशेष पॉलिसी बनाकर सेवाएं देनी चाहिए। सरकारी चिकित्सकों की केंद्र और अन्य राज्यों की तर्ज पर वेतनमान से संबंधित मांग आज भी लंबित है। सेवाकाल के दौरान एक करोड़ प्रति बांड देना सभी चिकित्सकों के लिए संभव नहीं है। सरकार ने एसोसिएशन को बातचीत के लिए बुलाया था, जिसमें एसीएस सहित स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। बैठक में डॉक्टरों की मांगों को लेकर चर्चा की गई, लेकिन सरकार की ओर से पीजी पाठ्यक्रमों के लिए बॉन्ड राशि के मुद्दे को छोड़कर अन्य प्रमुख मांगों पर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया।

#### सीएमओ ने डॉक्टरों से की चर्चा



सीएमओ डॉ. सुरेन्द्र यादव ने हड़ताल के दौरान डॉक्टरों के बीच पहुंच कर चर्चा भी की। सिविल सर्जन ने कहा कि डॉक्टरों की प्रमुख मांगों को सरकार व उच्च अधिकारियों के पास भेजा जा चुका है। हड़ताल के दौरान लोगों की सुविधा के लिए ट्रामा सेंटर व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में इमरजेंसी के लिए एक-एक डॉक्टर लगाया गया। लोगों को परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

---

## बिजली पोल के पास धंसी सड़क से हादसे का डर



रेवाड़ी। मोहल्ला कायस्थवाड़ा स्थित कटपीस मार्केट में बिजली के पोल के सड़क धंस गई है। दुकानदारों में सड़क धंसने से बिजली के पोल के गिरने का डर बना हुआ है। दुकानदारों की ओर से वार्ड पार्षद को समस्या का लेकर अवगत कराया जा चुका है। पार्षद ने मौका देखकर सड़क की मरम्मत कराने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। दुकानदार राजीव, संदीप, ललित, गोविंद व राजेंद्र ने बताया कि सड़क धंसने के कारण कभी भी बिजली का पोल गिरने से अनहोनी हो सकती है। दुकानदारों ने प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है।

## मास्टर्स एथलीट का किया सम्मान

- पदक जीतकर अपने जिले का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। मास्टर एथलीट का सम्मान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

मास्टर एथलीट फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हुई 32वीं हरियाणा स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गांव बुड़ौली के एथलीट राजपाल गोस्वामी और कृष्ण रोहिला ने अंडर-40 आयु वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर अपने जिले का नाम रोशन किया है। राजपाल ने अंडर-40 आयु वर्ग 400 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप में कांस्य पदक और कृष्ण ने 5000 मीटर दौड़ और 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। दोनों खिलाडी शहीद भगतसिंह खेल स्टेडियम में प्रैक्टिस करते है। बुधवार को दोनों खिलाड़ियों को स्टेडियम में पहुंचने पर सम्मानित किया गया। बैडमिंटन कोच अमित जेई ने बताया कि कृष्ण आर्मी से रिटायर्ड है और बच्चों को निःशुल्क अभ्यास कराते है। डीपीई अनिल प्रधान ने बताया कि राजपाल इससे पहले भी मास्टर्स एथलीट चैंपियनशिप में पदक जीते चुके है। इस मौके पर हवासिंह पटवारी, विजय प्रधान, अमित जेई, डीपीई अनिल प्रधान, डीपीई जितेंद्र सैन, मोनू रोहिल्ला, महेंद्र फौजी, आशीष, महेश व हिमांशु सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बेहतर प्रदर्शन करने पर छात्रा पुरस्कृत

- छात्रा ने निबंध लेखन में सांत्वना पुरस्कार जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुगोढ़ की छात्रा समीक्षा ने कुरुक्षेत्र में हुई अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की निबंध लेखन प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार हासिल किया है। बुधवार को छात्रा को स्कूल के एसएमसी प्रधान धर्मेंद्र यादव व उमेद सिंह ने सम्मानित किया। प्राचार्या उर्मिला कुमारी ने कहा कि प्रवक्ता राकेश कुमार और चंचल यादव के मार्गदर्शन में छात्रा ने निबंध लेखन में सांत्वना पुरस्कार जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय से तंदीप, दिव्या, ममता और यशदेव ने भी संस्कृत अध्यापिका विजयलक्ष्मी व कला अध्यापक देशराज के नेतृत्व में कला उत्सव प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिनका राज्य स्तर प्रतिभागिता के लिए चयन हुआ है। इस अवसर पर ब्लॉक स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त करने पर अनुराधा, महक, उमंग, गौरव, समीर, शिवानी, स्वीटी और रूपेश को भी पुरस्कृत किया गया। प्रवक्ता अश्वनी, प्रवक्ता शर्मिला, प्रवक्ता पिंकी जांगड़ा, प्रवक्ता अनिल भाकली, शिक्षक नीरज चौधरी और कंप्यूटर शिक्षक महेश ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी है।

### विधवा के साथ मारपीट व धमकी, कलयुगी बेटे को किया गिरफ्तार

**कोसली।** साध मोहल्ले में रहने वाली करीब 62 वर्षीय वृद्धा के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने उसके बेटे व बहू के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाद में पुलिस ने आरोपी बेटे को काबू कर लिया। उमेश देवी ने पुलिस को दर्ज शिकायत में उमेश देवी ने आरोप लगाया कि उसका बेटा अमित ओर पुत्रवधु प्रिया उसके साथ आए दिन मारपीट करते हैं। विधवा का आरोप है कि उसकी प्रॉपर्टी हथियाने के लिए दोनों उसे मारने की फिराक में हैं। पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। अमित ने जल्द उसका मकान खाली करने का आश्वासन दिया था। मकान खाली करने की बजाय दोनों ने उसके साथ फिर से मारपीट की।

छात्राओं से उनके व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न किए गए

## आज सभी क्षेत्रों में देश का नाम ऊंचा कर रही बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी




रेवाड़ी। छात्राओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि


राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से बेटियों के लिए प्रेरणा का कार्यक्रम देश की शान है वीर बेटियां का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर व स्कूल के प्राचार्य धर्मवीर यादव ने कहा कि हमारी बेटियां सभी क्षेत्रों में देश का नाम ऊंचा कर रही है। महेंद्रगढ़ के गांव निंबी में गरीब परिवार की बेटी दिव्या तंवर ने पहली बार में यूपीएससी क्लियर करके सफलता प्राप्त की। रेवाड़ी के हांसाका गांव की 10 वर्षीय बेटी आराध्या ने एवरेस्ट पर विजय पाने में सफलता पाई। जिले की बेटी संतोष यादव ने लगातार दो बार एवरेस्ट विजय करके विश्व कीर्तिमान बनाया है। बेटियां कुछ भी अच्छा ठान ले तो उसको जीवन में हासिल कर सकती है। महिला प्रधान शशि जुनेजा ने कहा कि यदि हमारे जीवन में अपना लक्ष्य स्पष्ट हो, अपनी पूरी एकाग्रता से एक-एक कदम करके अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते जाए तो कोई भी बड़ी से बड़ी मंजिल पाई जा सकती है। कार्यक्रम में छात्राओं से उनके व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न किए गए व मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मंच संचालन पीटीआई विजय सिंह ने किया। युवा दल की ओर से स्कूल को भारत माता, स्वामी विवेकानंद, गुरु गोविंद सिंह व शहीदे आजम के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक सलाहकार देवेंद्र कुमार, प्रवक्ता ललिता, सुमित्रा, सुनीता, मनोज कुमार, सुमन यादव, शकुंतला व इंदूबाला ने सहयोग किया।

---




### पाला भी बदल रहे, मगर चुपके-चुपके...

नए साल के आगमन से पहले ही कड़ाके की ठंड के बीच राजनीति में उफान आना शुरू हो गया है। रेवाड़ी हलके में इसकी झलक खासतौर पर देखने को मिल रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. अरविंद यादव ने अपने जन्मदिन पर समर्थकों की भीड़ क्या जुटाई, उनके पास विरोधी खेमे से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हाजिरी लगाना शुरू कर दिया। विरोधियों की बेचैनी भीड़ देखने के बाद बढ़ चुकी है। अब पाला बदलने का मन बना चुके कार्यकर्ता चुपके-चुपके डा. यादव के समक्ष उपस्थिति दर्ज कराते नजर आने लगे हैं, लेकिन वह भी चुपके-चुपके।




### एक साथ बजेगी दो बूढ़े शेरों की बांसुरी

अहीरवाल के दो बूढ़े ऐसे शेर ऐसे हैं, जिनमें एक दो दशक से प्रदेश का नेतृत्व करने का अरमान दिल में संजोए हुए है। दूसरे महेंद्रगढ़ वाले शर्माजी को अब ध्यान आया है कि इस उम्र में एक बार सीएम तो बन ही लेना चाहिए। दोनों सीएम बनने की मंशा पाले हुए हैं, परंतु भाजपा की युवा चेहरों को तव्वजो देने की रणनीति दोनों का रास्ता रोक रही है। सीएम नहीं बनने का मलाल दोनों को है। दोनों के मन में यह इच्छा हिलोरे मार रही है। शर्मा जी राव साहब के साथ हाथ मिलाकर पार्टी पर दबाव बनाने की रणनीति की ओर कदम बढ़ाने जा रहे हैं।



### अब पिक्चर से गायब होने लगे दावेदार

भाजपा की आगामी चुनावों में अपनाई जाने वाली रणनीति की झलक राजस्थान और मध्यप्रदेश से देखी जा चुकी है। बिन मांगे मोती मिले...वाली कहावत को चरित्रार्थ करते हुए पार्टी कब, किस नेता को अर्श से उठाकर फर्श पर बैठा दे, यह कहा नहीं जा सकता। व्यक्ति विशेष पर टिकट का भरोसा करते हुए काफी समय से कतार में लगे नेताओं की हालत इस समय पतली हो गई है। हॉर्डिंग्स और बैनरों पर नए साल से एक माह पहले ही जगह-जगह नजर आने वाले ऐसे नेता इस बार पिक्चर से गायब हैं।

### ...अगर वह आया तो मैं नहीं आऊंगा

आगामी चुनावों को देखते हुए युवा चेहरे खुलकर राजनीति के मैदान में आगे आ रहे हैं। सबसे ज्यादा क्रेज भाजपा में युवा चेहरों का देखने को मिल रहा है। ऐसे युवा ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर रूचि ले रहे हैं। युवाओं की बढ़ती सक्रियता ने पुराने 'खोपट' नेताओं को परेशानी में डाला हुआ है। इन युवा चेहरों को पुराने नेता अपने रास्ते का कांटा समझने लगे हैं। खासकर तब से, जब भाजपा में युवा चेहरों को खास महत्व दिया जा रहा है।



### ...रायपुर की गुगली से कई धुरंधर बोल्ड

लंबे समय से रेवाड़ी हलके से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आशीर्वाद से टिकट हासिल करने की उम्मीद पाले बैठे समर्थकों को अनिल रायपुर ने एक ही गुगली में बोल्ड कर दिया है। सुनने में आ रहा है कि अनिल के सामने राव के दूसरे खास बौने साबित होने लगे हैं। आजकल राव उन्हें अपनी बगल में बैठाकर दूसरों को यह संकेत दे रहे हैं कि अनिल अब इस हलके में उनकी पहली पसंद है।

### दिल को खुश रखने को गालिब ये...



'अबकी मेरी बारी' लिखकर एक 'कागजी नेता' इस समय खुद को सोशल मीडिया पर इस तरह प्रचारित कर रहे हैं, जैसे रेवाड़ी हलके से भाजपा की टिकट उसकी जेब में सेफ हो। ऑफिस में लोगों को बुलाकर उनके कल्याण का दंभ भरने वाले नेताजी वोट से लेकर भीड़ जुटाने तक में भले ही जीरो हों, परंतु सोशल मीडिया पर प्रचारित होने में नंबर वन नजर आते हैं। अब नेताजी ने सोशल मीडिया पर अपने फोटो के साथ यह प्रचार करना शुरू कर दिया है कि 'अबकी मेरी बारी।' प्रदेश के मुखिया से दो-चार बार क्या मिले, दिमाग में टिकट पक्की होने की भ्रम ही पाल बैठे।